हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 7 अगस्त 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 कई जिलों में चोरी और लूट की घटना को अंजाम देने...



09 मूंग खरीदी में जारी अव्यवस्था, किसानों ने...



खबर संक्षेप

उपकरणों के साथ तैनात रहेगा मेडिकल स्टाफ

नर्मदापुरम। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी पचमढ़ी में नागद्वारी मेला आयोजित किया जा रहा है। मेला 07 अगस्त 2026 से 17 अगस्त 2026 तक चलेगा। मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधा के लिए 08 अगस्त से 17 अगस्त तक चिकित्सा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नर्मदापुरम श्री नरसिंह गहलोत द्वारा मेले अवधि में विभिन्न सेक्टर पाइंटों पर चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ एवं एंबुलेंस वाहन चालकों की ड्यूटी 08 अगस्त 2026 से 17 अगस्त 2026 तक तत्काल प्रभाव से लगाई गई है।

स्कूल से बाहर बच्चों को मिलेगा शिक्षा में प्रवेश

नर्मदापुरम। नर्मदापुरम जिले में 'शिक्षा घर' योजना को पायलट आधार पर आधिकारिक तौर पर शुरू किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में के सहायक संचालक राम वैद्य ने योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य जिले में शिक्षा की पहुँच को मजबूत करना और स्कूल से बाहर रह गए प्रत्येक योग्य बच्चे की पहचान कर शिक्षा प्रणाली में व्यवस्थित नामांकन सुनिश्चित करना है।

लाखों का भुगतान करने के बाद भी टालमटोल, थाने में की शिकायत

प्लॉट खरीदा, रजिस्ट्री नहीं मिली, पीड़ित ने लगाया लाखों की ठगी का आरोप

एक महिला से प्लॉट के नाम पर धोखाधड़ी की शिकायत थाने में दर्ज की गई है। जिसमें महिला कई आरोप लगाए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में प्लाट खरीद-फरोख्त के एक मामले में खरीदार ने धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि प्लाट का लाखों का भुगतान करने के बावजूद पिछले 10 माह से उसे रजिस्ट्री कराने के नाम पर लगातार टहलाया जा रहा है। कई बार संपर्क और अनुरोध के बाद भी न तो रजिस्ट्री की गई और न ही राशि लौटाई गई। परेशान होकर पीड़िता ने मामले की शिकायत देहात थाने में की है।

प्लाट की रजिस्ट्री के लिए 10 माह से भटक रही महिला

महिला का आरोप है कि 15 दिन का समय मांगकर मामला टाल दिया गया। बाद में बार-बार 2.50 लाख रुपये और देने का दबाव बनाया गया तथा रुपये नहीं देने पर प्लाट किसी अन्य व्यक्ति को बेचने की बात कही गई।
शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि पिछले करीब 10 माह से लगातार फोन कर पैसों की मांग और धमकियां दी जा रही हैं।



पीड़िता ने पुलिस से की समस्या समाधान की मांग

शिकायत के अनुसार रजिस्ट्री का ड्राफ्ट तैयार हो गया था लेकिन रजिस्ट्री के समय संजय सिंघई, अधिवक्ता जीपी द्विवेदी, अजहर अहमद और इकबाल कुरैशी मूल रजिस्ट्री और बैंक की एनओसी प्रस्तुत नहीं कर सके। आनलाइन रजिस्ट्रेशन वेंडर मनोज तिवारी द्वारा लिंक रजिस्ट्री मांगे जाने पर भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए, जिसके कारण पंजीयन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि वह मध्यमवर्गीय परिवार से हैं और किराए के मकान में रहती हैं। जीवनभर की जमा पूंजी से प्लाट खरीदने का प्रयास किया था, लेकिन अब तक न तो रजिस्ट्री हो सकी और न ही समस्या का समाधान हुआ। उन्होंने देहात थाना पुलिस से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की मांग की है।

बंधक प्लॉट के नाम पर अलग-अलग लोगों के नाम ली राशि

तिवारी कालोनी निवासी मोनिका सोनी ने बताया कि नारायण नगर वार्ड क्रमांक 19 स्थित भोपाल निवासी इकबाल कुरैशी के प्लाट का सौदा लोकेश वर्मा के माध्यम से कराया गया था। मध्यप्रदेश आवास संघ मर्यादित के लीगल एडवाइजर संजय सिंघई ने जानकारी दी थी कि प्लाट बैंक में बंधक है, जिसे छुड़वाकर 5.50 लाख रुपये में रजिस्ट्री करा दी जाएगी। इसके बाद दिसंबर 2025 तक रजिस्ट्री कराने का आश्वासन दिया गया। महिला ने शिकायत में बताया कि उसने टोकन राशि 21 हजार रुपये, चेक के माध्यम से 2.29 लाख रुपये तथा बाद में अजहर अहमद को आनलाइन 49 हजार रुपये दिए। इस तरह कुल 2 लाख 99 हजार रुपये का भुगतान किया गया। आरोप है कि यह राशि अलग-अलग व्यक्तियों को प्लाट की रजिस्ट्री और बैंक से दस्तावेज मुक्त कराने के नाम पर दिलाई गई।

आरोपों से मेरा लेना-देना नहीं: लोकेश वर्मा

आरोपों के संबंध में लोकेश वर्मा ने कहा कि उनका इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है और उनका नाम बेवजह शिकायत में जोड़ा गया है। वहीं मध्यप्रदेश आवास संघ मर्यादित के लीगल एडवाइजर संजय सिंघई का पक्ष जानने के लिए संपर्क किया गया, लेकिन उनका मोबाइल फोन बंद मिला।

इनका कहना है

शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है। दोनों पक्षों के दस्तावेज और बयान लिए जा रहे हैं। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल शिकायत ले ही गई है।

प्रकाश परते, देहात थाना प्रधान आरक्षक

अभिभावकों ने की मालखेड़ी तिराहा तक स्कूल बस शुरू करने की मांग

पूरी तरह बनकर तैयार हो चुकी है पुलिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कुलामढ़ी-समेरिटन्स मार्ग पर पुलिया का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके 10 दिन से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी स्कूल बस सेवा शुरू न होने से छात्रों और अभिभावकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अभिभावकों ने स्कूल प्राचार्य से बस सेवा को पुनः शुरू करने और इसे मालखेड़ी तिराहा तक विस्तारित करने की मांग की है।

1 माह से बंद है स्कूल बसें

मिली जानकारी के अनुसार, कुलामढ़ी की तरफ से डिवाइन सिटी के आगे सेमी रिटर्न चौराहे तक आने वाली स्कूल बस को पुलिया निर्माण के कारण पिछले एक महीने से बंद कर दिया गया था। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पुलिया अब पूरी तरह बनकर तैयार हो चुकी है और उस मार्ग से ट्रैक्टर-ट्रॉली जैसे बड़े वाहन आसानी से गुजर रहे हैं, ऐसे में बस के संचालन में कोई तकनीकी समस्या नहीं है।

गौर कॉलोनी और रिवरव्यू कॉलोनी में रहने वाले छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अभिभावकों ने आग्रह किया है कि बस को अब मालखेड़ी तिराहा तक चलाया जाए। उल्लेखनीय है कि स्कूल की कुछ बसें ईंधन भरवाने के लिए पहले से ही मालखेड़ी पेट्रोल पंप तक जाती हैं, इसलिए इस बस को तिराहा तक बढ़ाने से छात्रों को काफी राहत मिलेगी और उनका आवागमन आसान हो जाएगा।

अभिभावकों ने जल्द से जल्द बस रूट बहाल कर नए मार्ग तक संचालित करने की उम्मीद जताई है।

पीएम आवास हितग्राहियों के लिए नपा लगाएगी विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर पालिका परिषद इटारसी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत के ईडब्ल्यूएस वर्ग के हितग्राहियों के लिए सोमवार को एक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे के मार्गदर्शन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुरेखा जाटव के निर्देशन में आयोजित यह शिविर प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक पंडित भवानी शंकर मिश्र ऑडिटोरियम, इटारसी में आयोजित होगा। शिविर का उद्देश्य हितग्राहियों की आगामी किश्त की राशि जमा कराना तथा आवास ऋण (लोन) से संबंधित आगामी आवश्यक कार्यवाही को समयबद्ध एवं सुगमता से पूर्ण कराना है। शिविर में हितग्राहियों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग भी उपलब्ध कराया जाएगा। नगर पालिका परिषद ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के सभी संबंधित के हितग्राहियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय पर आवश्यक दस्तावेजों सहित शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपनी किश्त जमा करें।

एसडीएम व सीईओ ने पथरोटा में ली बैठक सीएम हेल्पलाईन के निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से चलाए जा रहे जन विश्वास अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत पथरोटा में एक क्लस्टर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता इटारसी एसडीएम नीलेश शर्मा एवं जनपद पंचायत केसला की सीईओ सुमन खातरकर ने संयुक्त रूप से की। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के मैदानी अधिकारी, कर्मचारी और पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

सीएम हेल्पलाइन की गहन समीक्षा की

बैठक के दौरान अधिकारियों ने सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा की। एसडीएम नीलेश शर्मा ने स्पष्ट कहा कि जन समस्याओं का



निराकरण शासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। इस दौरान कहा कि पंचायत सचिव व मैदानी अमला हर शिकायतकर्ता से व्यक्तिगत रूप से मिलकर या फोन पर बात कर उनकी समस्या समझे। शिकायतों का समाधान केवल कागजों तक सीमित न रहे; आवेदक की पूर्ण संतुष्टि के बाद ही पोर्टल पर प्रकरण बंद करने के निर्देश दिए।

हार्वर्ड मॉडल यूनाइटेड नेशंस इंडिया के लिए प्रणद हुए चयनित



नर्मदापुरम। अंतरराष्ट्रीय मंच पर करेंगे विद्यालय का प्रतिनिधित्व सप्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंण्डरी स्कूल, नर्मदापुरम के कक्षा 9 वीं के मेधावी छात्र प्रणद कावरे का चयन विश्व के प्रतिष्ठित शैक्षणिक आयोजनों में से एक हार्वर्ड मॉडल यूनाइटेड नेशंस इंडिया के लिए हुआ है। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे नर्मदापुरम जिले के लिए गर्व का विषय है।

भाजपा नेताओं ने दिवंगत डॉ. अनिल सिंह को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जिले के प्रभारी एवं लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, स्थानीय विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा और भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला ने माता मंदिर हॉस्पिटल पहुंचकर दिवंगत डॉ. अनिल सिंह को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। गणमान्य अतिथियों ने दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवार से मुलाकात की और अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर एमजीएम कॉलेज जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष डॉ. नीरज जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे सहित क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक और पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 5 दिनों में 60 वाहनों के चालान काटकर वसूला 36 हजार 500 समन शुल्क



इटारसी। शहर में यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने और निजी वाहनों पर अवैध रूप से लगाए जा रहे हूटर, फ्लैशर, वीआईपी/शासकीय स्टिकर, मॉडिफाइड साइलेंसर तथा नियम विरुद्ध नंबर प्लेट पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से इटारसी पुलिस द्वारा विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार 1 अगस्त से 10 अगस्त तक जारी इस अभियान के शुरुआती 5 दिनों में पुलिस ने 60 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 36,500 रुपये से अधिक का समन शुल्क वसूला है।

पुलिस की अपील और सख्त चेतावनी

पुलिस अधीक्षक साईंकृष्ण एस. थोटा के निर्देशन एवं थाना प्रभारी सौरभ पांडे के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान के तहत मौके पर ही गाडियों से अवैध स्टिकर, ब्लैक फिल्म और हूटर उतरवाए जा रहे हैं। थाना प्रभारी सौरभ पांडे ने नागरिकों से अपील की है कि निजी वाहनों से नियम विरुद्ध सामग्री तत्काल हटा लें, 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोग वैध लाइसेंस के साथ ही गाड़ी चलाएं और अभिभावक अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न दें। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यह चेकिंग अभियान 10 अगस्त तक शहर में जारी रहेगा।

मातृशक्ति ने किया रामसत्ता का आयोजन



नर्मदापुरम। शहर के शिवाजी नगर, रसूलिया वार्ड क्रमांक 23 स्थित दुर्गा मंदिर में दुर्गा महिला मंडल एवं आसपास की महिलाओं द्वारा मिलकर 24 घंटे निरंतर रामसत्ता का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन बुधवार दोपहर से प्रारंभ होकर गुरुवार दोपहर तक अखंड रूप से संचालित हुआ। महिलाओं ने पूरे उत्साह एवं समर्पण के साथ राम नाम का सतत स्मरण एवं कीर्तन किया, जिससे सावन माह की पावनता और भी अधिक प्रकट हुई। समापन अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुजनों को प्रसादी का वितरण किया गया।

नपा कर्मचारी से अभद्रता और शासकीय कार्य में बाधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नपा इटारसी ने शासकीय कार्य में बाधा डालने, कर्मचारी से अभद्रता करने एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में थाना प्रभारी इटारसी को पत्र भेजकर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। नपा द्वारा जारी पत्र के अनुसार, 5 अगस्त को स्वच्छता शाखा के निर्देश पर नगर पालिका कर्मचारी अभिषेक यादव निराश्रित गोवंशों की निगरानी का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान दिलीप यादव पिता कांता प्रसाद यादव ने कर्मचारी के साथ गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी तथा शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की। पत्र में उल्लेख है कि अन्य कर्मचारियों एवं उपस्थित लोगों के सामने भी कर्मचारी को भविष्य में गोवंश पकड़ने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई।

नपा ने इसे शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने तथा कर्मचारियों में भय का वातावरण बनाने वाला गंभीर मामला बताते हुए थाना इटारसी से संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। साथ ही इस संबंध में नगर पालिका कर्मचारी अभिषेक यादव को प्राथमिकी दर्ज कराने हेतु अधिकृत भी किया गया है। पत्र की प्रतिलिपि कलेक्टर, एसडीएम इटारसी एवं नपाध्यक्ष को भी प्रेषित की गई है।

किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्य प्रदेश सरकार पर किसानों के साथ लगातार छल करने का आरोप लगाते हुए, कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने इटारसी के एसडीएम नीलेश शर्मा से मुलाकात की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय के नेतृत्व में पहुंचे कांग्रेसजनों ने किसानों के हित में मूंग खरीदी में फैली अव्यवस्थाओं को दूर करने और पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध कराने की पुरजोर मांग की। एसडीएम कार्यालय में चर्चा के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन को अवगत कराया कि कृषि मंडी (वेयर हाउस) एवं खरीदी केंद्रों पर मूंग की



तुलाई बेहद धीमी गति से हो रही है। इसके कारण केंद्रों के बाहर ट्रैक्टर-ट्रालियों की लंबी कतारें लग रही हैं। वर्तमान में बारिश का मौसम होने के कारण अपनी बारी का इंतज़ार कर रहे किसान सड़क पर खासे परेशान हो रहे हैं। इसके साथ ही, वाहनों की लंबी कतारों की वजह से यातायात व्यवस्था भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। जिला अध्यक्ष शिवाकांत पांडेय ने इन समस्याओं का तत्काल समाधान कर शीघ्र मूंग खरीदी की मांग की है। इस महत्वपूर्ण मुलाकात में जिला कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष के साथ जिला संगठन महासचिव मधुसूदन यादव आदि शामिल रहे।

राज्य सभा सांसद ने केन्द्रीय मंत्री से जनहित के मुद्दों पर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्य प्रदेश की राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने नई दिल्ली में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन से उनके निवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच कई अहम विषयों पर बातचीत हुई। मुलाकात के दौरान मुख्य रूप से केंद्र सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने, संसदीय परंपराओं और समसामयिक राष्ट्रीय विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही, राष्ट्रहित, जनसेवा और पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने से जुड़े पहलुओं पर भी विचार-विमर्श हुआ। इस सौजन्य भेंट के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और त्रिपुरा के पूर्व प्रभारी सुनील देवधर तथा पूर्व मंडल अध्यक्ष विकास नारोलिया उपस्थित रहे।

राज्यसभा में रेलवे माल गोदाम का मुद्दा

सांसद बोलीं... इटारसी जंक्शन के इस पुराने रेल माल गोदाम को नई जगह पर शिफ्ट कराएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने संसद के मानसून सत्र के दौरान मध्य प्रदेश के महत्वपूर्ण इटारसी जंक्शन पर स्थित पुराने रेलवे माल गोदाम को अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग को प्रमुखता से उठाया है।

अमृत भारत स्टेशन योजना

इटारसी जंक्शन को 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत विश्वस्तरीय बनाया जा रहा है, जिसके मास्टर प्लान में स्टेशन के आधुनिकीकरण और यात्री सुविधाओं के विस्तार हेतु पुराने माल गोदाम को दूसरी जगह शिफ्ट किया जाना तय हुआ था।



विकास कार्यों में बाधाः माल गोदाम अपनी पुरानी जगह पर बने रहने के कारण न केवल प्लेटफॉर्म विस्तार के कार्यों में अत्यधिक देरी हो रही है, बल्कि यात्रियों के आवागमन में भी भारी बाधा आ रही है।

पुनर्विकास की गति

जब तक यह पुराना ढांचा पूरी तरह स्थानांतरित नहीं किया जाता, तब तक स्टेशन के पुनर्विकास का मुख्य कार्य गति नहीं पकड़ पाएगा। सांसद ने सरकार से जनहित में मांग की है कि इटारसी जंक्शन के इस पुराने रेल माल गोदाम को अविलंब चिन्हित नई जगह पर शिफ्ट करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाए।

15 अगस्त को नपा करेगी विद्यार्थियों का सम्मान

इटारसी। नगर पालिका परिषद इटारसी द्वारा 15 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में नगर के मेधावी छात्र-छात्राओं का सार्वजनिक सम्मान किया जाएगा। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करने के लिए यह अभिनव पहल की जा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि वर्ष 2026 में कक्षा 10वीं और 12वीं (सभी बोर्ड) की परीक्षाओं में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा नीट, जेईई और अन्य राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पाकर प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी भी इस सम्मान के पात्र होंगे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुरेखा जाटव ने कहा कि इस पहल से शहर में शिक्षा के प्रति एक सकारात्मक माहौल बनेगा।

केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार से राज्यसभा सांसद ने की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित संसद परिसर में भारत सरकार के केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार से शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान सांसद माया नारोलिया ने केंद्रीय मंत्री का कुशलक्षेम जाना। साथ ही सामाजिक कल्याण, वंचित एवं पिछड़े वर्गों के सशक्तिकरण, दिव्यांगजन कल्याण तथा क्षेत्रीय विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों और प्राथमिकताओं पर सकारात्मक विचार-विमर्श हुआ। सांसद माया नारोलिया ने कहा कि केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार का दीर्घ सार्वजनिक अनुभव, संवेदनशील कार्यशैली और मार्गदर्शन जनसेवा के कार्यों में निरंतर प्रेरणा एवं नई ऊर्जा प्रदान करता है।

खबर संक्षेप

वाहन ने बाइक को टक्कर मारी, युवक की मौत

बैतूल। भोपाल-बैतूल हाईवे पर भारत भारती के पास गुरुवार को वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। सडक़ हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। बाइक पर सवार उसके दो अन्य साथी घायल हो गए। घायलों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है और उनकी हालत सामान्य बताई जा रही है। पुलिस ने वाहन जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार दोपहर करीब डेढ़ बजे इनोवा कार ने पल्सर सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी। कोतवाली थाना प्रभारी देवकरण डहरिया ने बताया कि हादसे में हमलापुर निवासी 28 वर्षीय मुकेश पांसे की मौत हो गई। वहीं, सुरेंद्र करचुले (25) और आकाश मदन (26) घायल हुए हैं। तीनों मालामझिरी से बैतूल लौट रहे थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। टीआई देवकरण डहरिया ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा लगाए गए आरोपों की भी जांच की जा रही है। जांच के बाद ही पूरे घटनाक्रम की स्थिति स्पष्ट होगी। फिलहाल वाहन जब्त कर चालक को हिरासत में लिया गया है और मामले की विवेचना जारी है।

बेटे ने पिता की कुल्हाड़ी मारकर की हत्या

भौंरा। बीजादेही थाना क्षेत्र के ग्राम रतनढाना में पारिवारिक विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया। काम-धंधा नहीं करने की बात को लेकर हुए विवाद में एक पुत्र ने कथित रूप से अपने ही 60 वर्षीय पिता पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। सिर पर गंभीर चोट लगने से वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी पुत्र के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना 4 अगस्त 2026 की रात करीब 10 बजे की है। मृतक की पहचान रामदयाल काजले (60) पिता मुन्नी काजले, निवासी रतनढाना के रूप में हुई है। मामले में 5 अगस्त को शाम 7:33 बजे बीजादेही थाने में भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 103(1) के तहत हत्या का अपराध दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार, फरियादी सुमरत काजले (33) ने शिकायत में बताया कि रात के समय उसकी भतीजी सरस्वती और भाभी गुलवती बाई ने सूचना दी कि राजू काजले अपने पिता रामदयाल काजले से काम-धंधे की बात को लेकर झगड़ा कर रहा है और मारपीट कर रहा है। सूचना मिलने पर वह उनके घर पहुंचा, जहां रामदयाल काजले के सिर पर कुल्हाड़ी के तीन गहरे घाव दिखाई दिए। माथे, बाएं कान के ऊपर तथा सिर के पीछे से लगातार खून बह रहा था। शिकायत के अनुसार, उसने घायल के सिर पर रूमाल बांधकर खून रोकने का प्रयास किया, लेकिन रक्तस्राव नहीं रुका। इसी दौरान आरोपी राजू काजले हाथ में कुल्हाड़ी लिए मौके पर खड़ा था।

20 लाख से ज्यादा के सोने-चांदी के जेवर और एक बाइक की जब्त

कई जिलों में चोरी और लूट की घटना को अंजाम देने वाले शातिर चोर धराए

जिले के आमला क्षेत्र की एक सूने मकान में चोरी करना पड़ा चोरों को भारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

जिले के आमला थाना क्षेत्र के एक सूने मकान में हुई चोरी की वारदात का गुरूवार को पुलिस ने खुलासा किया। पुलिस ने चोरी की इस घटना में शामिल दो अंतरजिला शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के पास से पुलिस ने 18 से 20 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर और एक बाइक जब्त की है। ये दोनों आरोपी मूलतः नरसिंहपुर और सिवनी जिले के रहने वाले हैं, जो अलग-अलग जिलों में घूमकर चोरी, लूट, नकबजनी की वारदातो को अंजाम देते थे। इनके खिलाफ बैतूल समेत छिन्दवाड़ा, सागर, नरसिंहपुर, सिवनी आदि जिलों में चोरी, लूट और नकबजनी के मामले दर्ज है।

नरसिंहपुर-सिवनी से आकर की थी आमला में चोरी

जिले के आमला थाना क्षेत्र के सूने मकान में चोरी करना इन चोरों को भारी पड़ गया। पुलिस ने गहन जांच-पड़ताल के बाद इन दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके पास से चोरी की सामग्री भी बरामद कर ली है। इन आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। आमला में हुई घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि फरियादी दम्मूलाल सूर्यवंशी, निवासी गणेश लॉन के पास, बोडख़ी नाका, आमला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात आरोपी उसके सूने मकान के मुख्य दरवाजे का ताला तोडक़र भीतर घुस गए तथा दो आलमारियों के लॉक तोडक़र उनमें रखे 5 लाख रुपए के नगद एवं सोने-चांदी के कीमती आभूषण चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर थाना आमला में अपराध क्रमांक 198/2026 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी।



तकनीकी साक्ष्यों से मिला चोरी का सुराग

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र कुमार जैन ने एक विशेष टीम गठित की। इसमें एफएसएल विशेषज्ञ निरीक्षक आबिद अंसारी ने डॉग स्क्वाड के साथ घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर वैज्ञानिक साक्ष्य संकलित किए। इसके साथ ही तकनीकी विश्लेषण, मुखबिर सूचना एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर संदेहियों की पहचान की गई। 3 अगस्त को संदेही जितेंद्र उर्फ मंझले विश्वकर्मा एवं सुरेंद्र उर्फ विक्की ठाकुर को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। दोनों आरोपियों ने चोरी की वारदात कबूल कर ली। उन्होंने बताया कि घटना के दिन दोनों आरोपी पिपरिया एवं इटारसी होते हुए बैतूल जिले में पहुंचे थे। चोरी करने की कोई जगह नहीं मिलने पर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान पंखा-आमला मार्ग से बोडख़ी क्षेत्र पहुंचे, जहां सडक़ से ही फरियादी के मकान में ताला लगा दिखाई दिया। इसके बाद वे लगभग 15 से 20 मिनट में ताला तोडक़र चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए थे। उनकी निशानदेही पर लगभग 18 से 20 लाख रुपए मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए गए।आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न जिलों में पूर्व से अनेक गंभीर अपराध दर्ज पाए जाने एवं संगठित रूप से अपराध करने की प्रवृत्ति पाए जाने पर प्रकरण में धारा 111 बीएनएस भी जोड़ी गई है।

पांच जिलों में चोरी की वारदात को दिया अंजाम

पुलिस ने बताया कि दोनों ही आरोपी शातिर और आदतन नकबजन है। इनके विरुद्ध बैतूल समेत छिंदवाड़ा, सिवनी, नरसिंहपुर और सागर जिले में चोरी, नकबजनी एवं लूट के कई अपराध दर्ज है। आरोपी जितेंद्र उर्फ मंझले विश्वकर्मा के खिलाफ जिला नरसिंहपुर में चोरी एवं लूट के 5 प्रकरण, जिला रायसेन में चोरी एवं नकबजनी के 2 प्रकरण, थाना सिविल लाइन, जिला सागर में चोरी का 1 प्रकरण, जिला बैतूल के थाना शाहपुर, थाना आमला एवं थाना बैतूलबाजार में चोरी एवं नकबजनी के एक-एक प्रकरण है। इसी तरह सुरेंद्र उर्फ विक्की ठाकुर के विरुद्ध थाना केवलारी, जिला सिवनी में आर्म्स एक्ट का प्रकरण, थाना बंडोल, जिला सिवनी में मारपीट एवं गाली-गलौज का प्रकरण , थाना सिविल लाइन, जिला सागर में नकबजनी का प्रकरण थाना आमला, जिला बैतूल में अपराध क्रमांक 196/2026 चोरी एवं नकबजनी का प्रकरण, जिला छिंदवाड़ा के कोतवाली थाना क्षेत्र में वर्ष 2014 एवं 2015 के दौरान लूट के तीन प्रकरण, थाना देहात जिला छिंदवाड़ा में चोरी का प्रकरण थाना केवलारी, जिला सिवनी में मारपीट एवं आर्म्स एक्ट संबंधी कई मामले दर्ज थे।

चोरी की ये सामग्री बरामद

पुलिस ने बताया कि इन आरोपियों के पास से सोने का हार, सोने की चैन, सोने का रानीहार, सात जोड़ी सोने के टॉप्स, चार सोने के कंगन, दो मंगलसूत्र, दो लेडीज चेन, एक जोड़ी सोने के झुमके, तीन जोड़ी बिछिया, चांदी के आभूषण, लक्ष्मीजी अंकित 10 चांदी के सिक्के, अन्य सोने-चांदी के जेवरात के अलावा चोरी में प्रयुक्त एक होंडा शाइन मोटरसाइकिल जब्त की गई। इनकी अनुमानित कीमत 18 से 20 लाख रुपए है।

245 का मौके पर हुआ समाधान

विद्युत विभाग के संपर्क अभियान शिविरों में 264 शिकायतें पहुंचीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से मुलताई संभाग के सभी वितरण केंद्रों पर चलाए जा रहे संपर्क अभियान के तहत आयोजित शिविरों में उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर निराकरण किया गया।

अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविरों में कुल 264 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 245 शिकायतों का तत्काल मौके पर ही समाधान कर दिया गया। मुलताई संभाग के उपमहाप्रबंधक हितेश वशिष्ठ ने बताया कि बुधवार को वितरण केंद्र मासोद, घोटीडोंगरी, जौलखेड़ा एवं मुलताई ग्रामीण में विशेष शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया गया, जबकि शेष शिकायतों का समाधान निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविरों में मीटर बदलने संबंधी 110 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 98 उपभोक्ताओं के मीटर तत्काल बदल दिए गए, जबकि शेष 12 मीटर निर्धारित समय-सीमा में बदले जाएंगे। इसके अलावा बिल नहीं मिलने संबंधी 84 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण करते हुए उपभोक्ताओं को तत्काल बिजली बिल उपलब्ध कराए गए। इसी प्रकार विद्युत लाइन से जुड़ी 23 शिकायतों का भी तत्काल समाधान किया गया। शिविर के दौरान 102 उपभोक्ताओं ने अपने बिजली बिलों का भुगतान भी किया।

बैतूल सीएमओ ने शाहपुर नगर परिषद का किया निरीक्षण

बैतूल। नगर परिषद शाहपुर के मुख्य नगरपालिका अधिकारी के अतिरिक्त प्रभार एवं परियोजना अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण के अतिरिक्त प्रभार का दायित्व संभाल रहे नवनीत पाण्डेय द्वारा आज नगर परिषद शाहपुर का भ्रमण कर विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। भ्रमण के दौरान लगभग तीन वर्षों से अधूरी पड़ी नगर परिषद कार्यालय भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित ठेकेदार को अंतिम चेतावनी स्वरूप नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। श्री पाण्डेय ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि 15 दिवस के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया जाता है, तो संबंधित ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह नोटिस अंतिम अवसर के रूप में जारी किया गया है तथा निर्धारित समय-सीमा के पश्चात नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसके अतिरिक्त भ्रमण के दौरान ट्रेंचिंग ग्राउंड से संबंधित प्रस्तावित एवं प्रगतिरत कार्यों की भी समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

नगर पालिका की शासकीय फाइलें गायब, पार्षदों का फूटा गुस्सा, जांच नहीं हुई तो कलेक्टर से करेंगे शिकायत

सभापति निर्मला उबनारे, पार्षद अंजली और नगर कांग्रेस अध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

दोषियों पर सख्त कार्रवाई की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई



नगर पालिका परिषद मुलताई से शासकीय फाइलें गायब होने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। मामले को लेकर जहां नगर पालिका प्रशासन में हडक़ंप की स्थिति बनी हुई है, वहीं जनप्रतिनिधियों में भी भारी नाराजगी देखी जा रही है। इस संबंध में नगर पालिका की सभापति निर्मला उबनारे, पार्षद अंजली शिवहरे एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुमित शिवहरे ने प्रभारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी जी.आर. देशमुख को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी मिली है कि बैरियर नाका स्थित नगर पालिका की जर्जर दुकानों से संबंधित महत्वपूर्ण शासकीय फाइलें नगर पालिका कार्यालय से गायब हैं। जनप्रतिनिधियों ने इसे नगर पालिका प्रशासन की गंभीर लापरवाही बताते हुए कहा कि शासकीय अभिलेखों का गायब होना केवल प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि अत्यंत गंभीर विषय है, जिसकी निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच होना आवश्यक है। महिला जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि फाइलें किस परिस्थिति में गायब हुईं, इसके लिए कौन जिम्मेदार है और इसमें किसी प्रकार की अनियमितता या मिलीभगत रही है या नहीं, इसकी विस्तृत जांच कर दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए।

सोमवार तक कार्रवाई नहीं हुई तो कलेक्टर से होगी शिकायत

ज्ञापन में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि सोमवार तक इस मामले में ठोस और उचित कार्रवाई प्रारंभ नहीं की गई, तो मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में जिला कलेक्टर से पूरे मामले की शिकायत की जाएगी। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नगर पालिका की महत्वपूर्ण शासकीय फाइलों के गायब होने जैसे गंभीर मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

प्रशासन पर बढ़ा दबाव

जनप्रतिनिधियों के इस कदम के बाद नगर पालिका प्रशासन पर मामले की निष्पक्ष जांच कराने का दबाव बढ़ गया है। अब सभी की नजर इस बात पर टिकी है कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है और गायब हुई शासकीय फाइलों का रहस्य कब तक सामने आता है। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो यह मामला जिला स्तर पर और अधिक तूल पकड़ सकता है।

टेबल टेनिस के लिए खिलाड़ियों का चयन

जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में बैतूल ब्लॉक का रहा दबदबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मुलताई के खेल मैदान में जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष नीतू प्रह्लाद परमार, सभापति महेन्द्र पिल्लू जैन, विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद नरवरे तथा खेल शिक्षक महेश खत्री ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। खेल प्रभारी कामना साबले ने बताया कि प्रतियोगिता में 14, 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के कुल 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें 60 बालक एवं 40 बालिकाएं शामिल रहीं। प्रतियोगिता में बैतूल, मुलताई एवं घोड़ाडोंगरी विकासखंड की टीमों ने हिस्सा लिया।खेल शिक्षक महेश खत्री ने अपने संबोधन में मुलताई नगर में बास्केटबॉल का समुचित खेल मैदान नहीं होने से खिलाड़ियों को होने वाली कठिनाइयों की ओर ध्यान आकर्षित किया। इस पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू परमार एवं सभापति महेन्द्र पिल्लू जैन ने हाईस्कूल मैदान में बास्केटबॉल कोर्ट विकसित करने की संभावनाओं पर खिलाड़ियों एवं खेल शिक्षकों से विस्तृत चर्चा की तथा सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में शिक्षिका गीता गायकवाड़, स्वाती कंडारी, मीठू राय तथा शिक्षक अमित कुमार, सचिन पाल, विशाल भारती, अदबोश सिंह, रोशन कौशिक, दुर्गेश चौहान, महेश चौकीकर, मितेश, गौतम सहित अन्य शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रतियोगिता में विभिन्न विकासखंडों से आए कोच एवं टीम प्रबंधकों राकेश बाजपेयी, सुनील विरकर, संदीप पाल, निलेश वर्मा, दिव्यांश साहू, राहुल बारगे, लोकेश पवार, भाव्यांश कापसे, सृष्टि मिश्रा, पुष्पेंद्र दुबे एवं पवन माकोड़े ने भी अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई।



टेबल टेनिस प्रतियोगिता भी संपन्न, खिलाड़ियों का चयन

विकासखंड स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता आर.डी. पब्लिक स्कूल, मुलताई में आयोजित की गई। प्रतियोगिता का संचालन विद्यालय के प्राचार्य टरमील थॉमस, खेल प्रभारी भूपेंद्र धोटे तथा रेफरी सलोनी धोटे एवं सोनाली रघुवंशी ने किया। 14 वर्ष बालकः शाह सैफर, जीत पवार, आदित्य कुमार। 17 वर्ष बालकः देवसिंह रघुवंशी, मुस्तफा बोहरा, उज्ज्वल झाड़े। 17 वर्ष बालिकाः तेजस्वनी पवार, नित्या बुवाड़े, प्रिया इगले। 19 वर्ष बालकः मुद्दरेका बोहरा, अब्दुल कदीर बोहरा, समर्थ साहू। 19 वर्ष बालिकाः रिया वसंत पवार एवं रिया सुभाष पवार। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को बधाई देते हुए अतिथियों ने चयनित खिलाड़ियों को आगामी जिला एवं संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मुलताई और जिले का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

बास्केटबॉल प्रतियोगिता के परिणाम

पूरी प्रतियोगिता में बैतूल विकासखंड का दबदबा देखने को मिला। सभी आयु वर्गों में बैतूल की टीम विजेता रही, जबकि मुलताई ने उपविजेता का स्थान प्राप्त किया।

12 अगस्त को पूर्णाहुति व महाप्रसादी

कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीराम कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौंरा



श्रावण मास के पावन अवसर पर श्री तारमखेड़ा जोत वाले हनुमान जी महाराज मंदिर परिसर में गुरुवार को संगीतमय श्रीराम कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश धारण कर नगर भ्रमण किया। जय श्रीराम और जय हनुमान के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। नगर भ्रमण के बाद कलश यात्रा मंदिर परिसर पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान से पूजन-अर्चन के साथ कथा का शुभारंभ किया गया। कथावाचक शवितदेवी गोस्वामी, सिवनी मालवा द्वारा किया जा रहा है। प्रथम दिवस उन्होंने भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, सत्य, धर्म और मानव जीवन में भक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन को संस्कारित करने, परिवार एवं समाज में प्रेम, सद्भाव और नैतिक मूल्यों की स्थापना का सशक्त माध्यम है। श्रावण मास में श्रीराम कथा का श्रवण विशेष पुण्यदायी माना गया है। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर श्रीराम के भजनों एवं संगीतमय प्रस्तुति का आनंद लेते रहे। आयोजन समिति के अनुसार संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन 6 अगस्त से 12 अगस्त 2026 तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक श्री तारमखेड़ा जोत वाले हनुमान जी महाराज मंदिर परिसर में किया जाएगा। कथा का समापन 12 अगस्त, बुधवार को पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी के साथ होगा। आयोजन समिति ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से परिवार एवं इष्टमित्रों सहित कथा में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है। प्रथम दिवस कथा में क्षेत्र के अनेक श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही और पूरे परिसर में श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह का वातावरण बना रहा।

बिजली विभाग शाहपुर की मनमानियों से परेशान हुए उपभोक्ता

शाहपुर। बिजली बिलों को लेकर उपभोक्ताओं में नाराजगी बनी हुई है। बिजली उपभोक्ताओं का आरोप है कि अधिक बिजली बिल दिया जार हा है। विद्युत उपभोक्ता देवेंद्र कदम ने बताया कि पिछले कई महीनो से उनके बिल मात्र 200 या 250 रुपए आता था, परंतु इस बार उनका बिजली बिल 1595 के लगभग आया। जिसकी जानकारी लेने पर स्वयं विद्युत विभाग शाहपुर पहुंचे, जहां पर कर्मचारियों के द्वारा उन्हें गुमराह किया गया। उनसे कहा गया कि आपके यहां स्मार्ट मीटर लगा है, परंतु आज तक उनका स्मार्ट मीटर नहीं लगा है। फिर स्मार्ट मीटर की रीडिंग विद्युत विभाग के कर्मचारियों के द्वारा कैसे लेकर बिल जनरेट किया गया। देवेंद्र कदम का कहना है कि पढ़े लिखे इंसान होने के कारण मैंने सारी बातों का अपना समय निकालकर समस्या को हल किया। परंतु ग्राम के गरीब लोग अशिक्षित लोग जिन्हें बिल के बारे में कोई जानकारी नहीं होती। वहीं विभाग के अधिकारियों को इस मामले में फोन लगाया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

जेईई, नीट परीक्षा में बच्चों की कम उपस्थिति और लापरवाही पर बीईओ को नोटिस

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर दें विशेष ध्यानः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में शिक्षा विभाग की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शैक्षणिक गुणवत्ता में सतत सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जेईई, नीट परीक्षा में बच्चों की उपस्थिति कम पाए जाने और लापरवाही पर भीमपुर बीईओ को नोटिस जारी कर वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए सभी अधिकारी एवं शिक्षक पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।

कलेक्टर ने कहा कि शिक्षक पाठ्यपुस्तकों का ज्ञान देने तक सीमित न रहें, वें विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यालयों में नियमित शिक्षण के साथ-साथ संगीत, गायन, भाषण, वाद-विवाद, सांस्कृतिक एवं अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जाए। कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने शिक्षकों की क्षमता संवर्धन पर निर्देश दिए कि उन्हें समय-समय पर गुणवत्तापूर्ण एवं विषय आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के ज्ञान और शिक्षण कौशल को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए नियमित अंतराल पर बेसिक विषयों का मूल्यांकन भी किया जाए। प्रशिक्षण एवं सतत मूल्यांकन की प्रक्रिया से शिक्षकों की दक्षता में वृद्धि होगी, जिसका सीधा लाभ विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर और सीखने की गुणवत्ता में परिलक्षित होगा। उन्होंने अधिकारियों को शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

स्कूलों में स्वच्छ एवं प्रेरणादायक शैक्षणिक वातावरण करें निर्मित

बैठक में कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, बैठक के लिए पर्याप्त बेंच व्यवस्था, परीक्षा परिणाम, आधारभूत सुविधाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन विद्यालयों में किसी प्रकार की कमी है, वहां तत्काल आवश्यक कार्रवाई कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। इसके अलावा उन्होंने प्रत्येक विद्यालय में स्वच्छ एवं प्रेरणादायक शैक्षणिक वातावरण तैयार किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराए जाने वाली ग्राम पंचायतों को प्रशंसा पत्र जारी किए जाने के निर्देश दिए।



जर्जर भवनों की शीघ्र मरम्मत की जाए

बैठक में कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने आमला, आठनेर, मुलताई, भैंसदेही, प्रभातपट्टन, घोड़ाडोंगरी, चिचोली, शाहपुर के बीआरसी से शिक्षा विभाग के जर्जर भवनों, फर्नीचर, पेयजल, शालाओं की मरमत कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान आमला में मरम्मत कार्यों में लापरवाही पर सब इंजीनियर और सचिव को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

निशुल्क साइकिल, गणवेश और पाठ्य पुस्तक, नामांकन की समीक्षा

शासकीय, अशासकीय शालाओं में नामांकन की स्थिति की समीक्षा के दौरान उन्होंने मुलताई, बैतूल, प्रभातपट्टन, भीमपुर, आठनेर में कम प्रगति पर उन्होंने जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निशुल्क साइकिल वितरण की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने पात्र विद्यार्थियों को साइकिल वितरण किए जाने के निर्देश दिए। वहीं पाठ्य पुस्तक वितरण की समीक्षा के दौरान उन्होंने घोड़ाडोंगरी, भीमपुर में प्रगति लाने के निर्देश दिए। गणवेश वितरण की समीक्षा के दौरान समग्र और आधार में आ रही समस्या पर कलेक्टर में जनजाति कार्य विभाग की सहायक आयुक्त को भीमपुर और शाहपुर में शिविर लगाकर 7 दिनों में समग्र और आधार बनवाकर गणवेश वितरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। अपार आईडी की प्रगति की समीक्षा कर उन्होंने भैंसदेही, भीमपुर, शाहपुर, बैतूल में कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए डीपसी को प्लानिंग के साथ प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर ने बालिका शौचालय निर्माण और आंगनवाड़ी विद्यालय मैपिंग की समीक्षा कर बीआरसी को आवश्यक निर्देश दिए।

जिला प्रभारी मंत्री ने किया सम्मानित

राज्य स्तरीय बलराम कृषि महोत्सव में सम्मानित हुए प्राकृतिक कृषि प्रशिक्षक सुभाष पटेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

बलराम कृषि महोत्सव 2026 का आयोजन गत दिवस मंडी प्रांगण इटारसी में किया गया। कार्यक्रम में मनोहर प्राकृतिक कृषि फार्म सोहागपुर संचालक, प्राकृतिक खेती प्रशिक्षक सुभाष पटेल का सम्मान किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नर्मदापुरम प्रभारी मंत्री राकेश सिंह थे। जानकारी के अनुसार प्राकृतिक खेती क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं किसानों को उन्नत खेती के लिए प्रेरित करने के लिए मध्य प्रदेश शासन के जिला प्रभारी मंत्री राकेश सिंह द्वारा सुभाष पटेल को सम्मानित किया गया।

राज्य स्तर के इस बलराम महोत्सव में प्रदेशभर से उन्नत तकनीक से खेती करने वाले कृषक शामिल हुए। कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक नर्मदापुरम सीताशरण शर्मा, विधायक सोहागपुर विजयपाल सिंह, विधायक पिपरिया ठाकुरदास नागवंशी, विधायक सिवनी मालवा प्रेमशंकर वर्मा तथा नर्मदापुरम कलेक्टर सोमेश मिश्रा उपस्थित थे। हरिभूमि से चर्चा में सुभाष पटेल ने कहा कि यह सम्मान प्राकृतिक खेती के प्रति समर्पण, नवाचार और किसानों के हित में किए जा रहे निरंतर प्रयासों का सम्मान है। यह उपलब्धि सभी प्राकृतिक खेती अपनाने वाले किसानों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। राज्य स्तर पर सम्मानित होने पर सुभाष पटेल को परिजनों, परिचितों एवं कृषक साथियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

सीएम हेल्पलाइन निराकरण में किया बेहतर प्रदर्शन, नप सीएमओ का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सीएम हेल्पलाइन पर की जाने वाली शिकायतों के शीघ्र निराकरण के मामले में सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा को सम्मानित किया गया है। नप कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार नगर परिषद सोहागपुर विभाग अंतर्गत सीएम हेल्पलाइन नंबर 181 पर की गई शिकायतों पर व्यक्तिगत रुचि लेकर सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने अधिक से अधिक शिकायतों का संतुष्टीपूर्ण निराकरण कराया। दर्ज शिकायतों के निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नप ने 94.5 प्रतिशत वेटेज स्कोर प्राप्त किया तथा उत्कृष्ट ग्रेड प्राप्त किया है। कलेक्टर नर्मदापुरम सोमेश मिश्रा ने इस उत्कृष्टता पर न सीएमओ को प्रशस्ति पत्र देते हुए सीएम हेल्पलाइन का कार्य कर रहे सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की सराहना की है।

खबर संक्षेप

सांसद की अनुशंसा पर प्रशासकीय स्वीकृति जारी

नर्मदापुरम। लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी की अनुशंसा पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा सांसद निधि से 1 निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोक सभा सांसद चौधरी की अनुशंसा पर ग्राम व ग्राम पंचायत खरखेड़ी विकासखंड नर्मदापुरम में स्ट्रीट लाईट स्थापना के लिए 2 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

जन-विश्वास अभियान का शुभारंभ आज से

नर्मदापुरम। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का प्रदेश की साढ़े 8 करोड़ से अधिक आबादी के प्रति विश्वास के प्रतीक जन-विश्वास अभियान का शुभारंभ 7 अगस्त से होगा। शासन और प्रशासन ने अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। मंत्रालय से लेकर जिले तक के सभी अधिकारी अब से प्रत्येक शुक्रवार को दफ्तर छोड़कर फील्ड में जनमानस के सामने होंगे।जन-विश्वास अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में जाकर जनता से सीधा संवाद एवं जुड़ाव, शिकायतों एवं समस्याओं का शत-प्रतिशत निराकरण करना, फील्ड की वास्तविक स्थितियों का फीडबैक प्राप्त करना, प्रशासन के पर्यवेक्षण तंत्र को सुदृढ़ करना और प्रशासन की पारदर्शी और संवेदनशील छवि का निर्माण करना है।

खरीदी केंद्र अचानक बदले, मूलभूत व्यवस्थाएं न होने से परेशान हैं अन्नदाता

मूंग खरीदी में जारी अव्यवस्था, किसानों ने फिर किया स्टेट हाईवे पर चक्काजाम

जिले में मूंग खरीदी में अव्यवस्थाओं का दौर जारी है। अन्नदाता जिले में कहीं न कहीं धरने प्रदर्शन कर रहे हैं। किसानों की मांग है कि प्रशासन किसानों को आ रही समस्याओं का त्वरित निराकरण करे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर, पिपरिया, नर्मदापुरम स्टेट हाईवे पर मीनेष वेयरहाउस माखन नगर पर किसानों ने मूंग खरीदी में अव्यवस्था को लेकर चक्का जाम कर दिया। अचानक से प्रशासन के आदेश से खरीदी केंद्र बदल दिए गए हैं लेकिन वहां किसी भी प्रकार की व्यवस्था नहीं है। पहले जो खरीदी केंद्र बने थे वहां किसान अपनी ट्रैक्टर ट्राली लेकर 5 दिन से मूंग तुलाई के लिए खड़े हुए थे । अचानक आदि देव वेयरहाउस से उन किसानों के स्लॉट मीनेश वेयरहाउस में ट्रांसफर कर दिये गए राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के संयोजक चद्रकांत डोब्बाल ने बताया उपार्जन केंद्र बदलने के पहले प्रशासन ने भौतिक सत्यापन नहीं किया किसान परेशान हो रहे हैं और बगैर तैयारी के खरीदी केंद्र बदलने के आदेश जारी कर दिए।



सड़क पर बैठे अन्नदाता

माखननगर में मूंग खरीदी में आ रही परेशानी के चलते किसान पिपरिया हाईवे पर बैठ गए और चक्का जाम कर दिया। मौके पर तहसीलदार माखन नगर सुनील गढ़वाल ओर वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी सलिल साहू एवं पलिस पहुंची राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के जिला संयोजक चंद्रकांत डोब्बाल ने अधिकारियों के समक्ष किसानों की समस्या रखी। अधिकारी के समझाइस देने के बाद किसानों ने धरना-प्रदर्शन खत्म किया।

मूंग तुलाई में देरी पर भड़के किसानः जमानी रोड पर ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी कर किया चक्काजाम

नर्मदापुरम। नगर के जमानी रोड स्थित वेयरहाउस पर मूंग तुलाई में लगातार हो रही लापरवाही से परेशान किसानों का गुस्सा गुरुवार को फूट पड़ा। पिछले 5-6 दिनों से अपनी उपज से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ लाइन में खड़े रहने के बावजूद तुलाई न होने से नाराज किसानों ने जमानी-पीपलढाना मार्ग पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए चक्का जाम कर दिया।



क्या है मामला

चक्का जाम की मुख्य वजहः पिछले 5-6 दिनों से तुलाई का इंतजार और तुलाई न होने के कारण कई किसानों की सरकारी खरीदी की निर्धारित तिथि निकल जाना, जिससे उनमें भारी रोष था। बाधित हुआ यातायातः किसानों द्वारा सड़क के बीचों-बीच ट्रैक्टर-ट्रॉलियां खड़ी करने से जमानी-पीपलढाना मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। प्रशासनिक हस्तक्षेपः घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अमला तुरंत मौके पर पहुंचा। अधिकारियों के समझाने और समस्याओं के समाधान के आश्वासन के बाद किसानों ने रास्ता खोला, जिसके बाद यातायात सुचारू हो सका। मामले को लेकर नायब तहसीलदार कृष्णकांत उइके ने बताया कि किसानों के प्रदर्शन की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आ गया है। कुछ किसानों की खरीदी तिथि निकलने की शिकायत सामने आई है। स्थिति का जायजा लेकर किसानों की समस्याओं का शीघ्र और उचित समाधान कराया जा रहा है।

सड़क पर जमा गंदे पानी की समस्या, नप ने दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



नगर के गौतम वार्ड में रोड एक्सीलेंट से मारुपुरा की गली है। गली एवं रोड पर एक मकान का गंदा पानी भरा रहने से लोग परेशान हैं। गौतम वार्ड पार्षद कविता साहू ने नप में शिकायत की और इसके बाद गुरुवार को संबंधित मकान मालिक को नप द्वारा नोटिस दिया गया है। जानकारी अनुसार गुरुवार सुबह नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी ने भी स्थल का निरीक्षण किया तथा नपाधिकारियों से जनता की समस्या के निराकरण की बात कही। बताया जाता है कि गुरुवार को मकान मालिक को नोटिस देते हुए स्थल पंचनामा भी नप के गौतम वार्ड प्रभारी द्वारा बनाया गया है।

मकान मालिक को नोटिस

कार्यालय नगर परिषद सोहागपुर जिला नर्मदापुरम द्वारा संबंधित मकान मालिक को नोटिस क्रमांक 1631 दिया गया है। मकान मालिक को संबोधित कर नोटिस में उल्लेख किया गया है कि संबंधित द्वारा घर के गंदे पानी की निकासी मुख्य मार्ग पर की जा रही है। जिससे वार्डवासियों व राहगीरों को आवागमन में असुविधा हो रही है। यह कार्य मप्र नगर पालिका अधिनियम की धारा 203 का स्पष्ट रूप से उल्लंघन है। अतः सूचना प्राप्ति पर मकान मालिक द्वारा मुख्य मार्ग पर की जा रही गंदे पानी की निकासी बंदकर नप कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा नप द्वारा संबंधित के विरूद्ध नियम अनुसार चालानी कार्यवाही की जाएगी। नप से प्राप्त जानकारी अनुसार नोटिस की प्रतिलिपि सोहागपुर एसडीएम को भी सूचनार्थ प्रेषित की गई है।

नन्ही आंखों की सुरक्षा की दिशा में सार्थक पहल, द चैम्प्स फन स्कूल में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर संपन्न

नर्मदापुरम। बच्चों के स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य को ध्यान में रखते हुए द चैम्प्स फन स्कूल में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों की आंखों से संबंधित समस्याओं की प्रारंभिक अवस्था में पहचान करना तथा उन्हें समय पर परामर्श उपलब्ध कराना था। शिविर का संचालन विद्यालय परिसर में सुव्यवस्थित रूप से किया गया, जहां विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वास्थ्य शिविर सेवासदन आई हॉस्पिटल, भोपाल के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर में भोपाल से आईं डॉ. सुनीता कहार एवं डॉ. शुभम सराठे ने नेत्र जांच हेतु आवश्यक विशेषज्ञों की टीम के साथ विद्यार्थियों की आँखों का परीक्षण किया। इस अवसर पर द चैम्प्स फन स्कूल के प्राचार्य डॉ. आशीष चटर्जी, डायरेक्टर जूही चटर्जी, स्कूल कोऑर्डिनेटर रीना मालवीय, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर स्नेहा शर्मा, एडमिन ऑफिसर विनीता जैसलानी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं व विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

मिले सुर मेरा तुम्हारा ने रामावत परिवार को सम्मानित किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया नगरपालिका परिषद क्षेत्र सहित अन्य सभी लोगों के साथ एक सामुहिक म्यूजिकल ग्रुप तैयार किया गया है, जो लगातार 3 वर्षों से संचालित होता आ रहा है। इस ग्रुप में शामिल हुए हैं सरकारी कार्यालयों के स्थाई कर्मी नलकूप विभाग गेट क्रमांक 2 के कर्मचारी वर्ग नगरपालिका परिषद के अस्थाई कर्मचारी वर्ग ग्राम पंचायतों के सचिव पुलिस सहित अन्य सभी लोगों के द्वारा सामूहिक संगठन के द्वारा मिले सुर मेरा तुम्हारा नाम से संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जिसमें पहली बार रामावत परिवार से सतीश रामावत को वोइस आफ द ईयर पुरस्कार 2026से सामुहिक कार्यक्रम में मंगलवारा धर्मशाला में शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। पुष्प मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। जिसमें अन्य सभी कलाकार भी उपस्थित रहे।

मकान निर्माण विवाद में तहसीलदार ने की मध्यस्थता, कराया दोनों पक्षों में समझौता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



मकान निर्माण के एक विवाद में सोहागपुर तहसीलदार शक्ति तोमर ने मध्यस्थता करते हुए दोनों पक्षों में समझौता कराया है तथा मामले को राजीनामे पर सुलझाया है।

ग्राम नीमनमूढ़ा में था मकान निर्माण पर विवाद

तहसीलदार कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार तहसीलदार न्यायालय सोहागपुर में ग्राम नीमनमूढ़ा के रामकुमार एवं दिनेश लोधी के बीच मकान निर्माण विवाद का प्रकरण क्रमांक 09/अ-68/26-27 विचाराधीन था व तहसीलदार न्यायालय ने 20 जुलाई 2026 को रामकुमार के पक्ष में स्थगन आदेश पारित किया था। इसके पश्चात तहसीलदार शक्ति तोमर ने माननीय उच्चतम न्यायालय एवं शासन के निर्देशानुसार मध्यस्थता के माध्यम से दोनों पक्षों को समझाइश दी।

तहसीलदार द्वारा किए गए सशक्त एवं सकारात्मक प्रयासों के फलस्वरूप दोनों पक्षकारों ने आपसी सहमति से मामले में राजीनामा कर गुरुवार छह अगस्त 2026 को प्रकरण का सौहार्दपूर्ण निराकरण कर लिया है। इस पूरे मामले में तहसीलदार तोमर की मध्यस्थता एवं समन्वयकारी भूमिका अत्यंत सराहनीय रही, जिसकी वरिष्ठ अधिकारियों ने सराहना की है।

आंगनबाड़ी केंद्रों में मनाया गया स्तनपान सप्ताह व बेटियों के नाम लगाए गए पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत सेक्टर माखन नगर के शहरी क्षेत्र के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती एवं धात्री माताओं को जन्म के तुरंत बाद शिशु को स्तनपान कराने, 6 माह तक केवल माँ का दूध पिलाने तथा स्तनपान के स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

इसी क्रम में सशक्त बेटी, बचाओ बेटी, पढ़ाओ बेट अभियान के तहत बेटियों के नाम पर पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से बेटियों के संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक रजनी दीक्षित, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएँ तथा क्षेत्र की माताएँ एवं महिलाएँ उपस्थित रहीं।

समोन में सरपंच-सचिव की मनमानी से बदहाल हुई इंदिरा आवास कॉलोनी



नर्मदापुरम। शहर के समीपस्थ अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत समोन स्थित इंदिरा आवास कॉलोनी के निवासी लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं के संकट से जूझ रहे हैं। कॉलोनी में पक्की सड़क और नालियों का अभाव है। बदहाली के पीछे मुख्य कारण ग्राम पंचायत समोन के सरपंच उमराव यादव और सचिव सुनील यादव की मिलीभगत व मनमानी है। ग्रामीणों के अनुसार, सरपंच और सचिव जानबूझकर यहाँ पक्की सड़कें, नालियाँ और साफ-सफाई के कार्य नहीं होने दे रहे हैं। रहवासियों का कहना है कि जब वे विकास कार्यों की माँग को लेकर जाते हैं, तो दोनों के द्वारा उन्हें धमकी दी जाती है। आरोप है कि सरपंच और सचिव कहते हैं इस वार्ड से हमें वोट नहीं मिले हैं, इसलिए यहाँ कोई काम नहीं होगा। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में तहसील, नगर पालिका प्रशासन और ग्राम पंचायत के वरिष्ठ अधिकारियों को 10 से अधिक बार मौखिक व लिखित रूप से शिकायतें दी जा चुकी हैं, किंतु आज तक किसी भी प्रशासनिक अधिकारी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है।

इंसान हुआ परेशान, अब तो पानी दे दाता..

अच्छी बारिश के लिए खेत में पढ़ी नमाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



क्षेत्र में इस वर्ष मानसूनी बारिश की स्थिति गड़बड़ है तथा औसत से भी कम बारिश के हालातों के चलते किसान, व्यापारी तथा आम वर्ग सभी परेशान हैं। वर्षा के अभाव को देखते हुए सोहागपुर की इमाम मस्जिद के मौलाना अब्दुल गफ्फार ने बस्ती से बाहर एक खाली खेत में नमाज अदा की। उन्होंने तथा मौके पर उपस्थित अन्य मुस्लिम बंधुओं ने बारिश के लिए दुआ मांगी।

जिले में जारी है प्रार्थनाओं का दौर

इस वर्ष वर्षा ऋतु के लगभग दो माह बीत चुके हैं, लेकिन क्षेत्र में पर्याप्त वर्षा नहीं हुई है। वर्षा के इस अभाव की हालत में किसानों को फसलें बचाने की चिंता सता रही है। साथ ही कुओं तथा ट्यूबवेल में भी पानी का स्तर बहुत घट गया है। जिससे आगामी रबी की फसल पर भी संकट मंडरा रहा है। इस कारण किसान एवं आमजन अत्यंत चिंतां है। आमजनों की इस समस्या से निजात पाने के लिए मौलाना अब्दुल गफ्फार ने मुस्लिम समाज के लोगों के साथ मिलकर विशेष नमाज अदा कर अच्छी तथा भरपूर वर्षा की प्रार्थना की।

ग्राम बीजनवाड़ा में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बीजनवाड़ा में स्थित सेंट जोसेफ हायर सेकंडरी स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अर्चना रघुवंशी द्वितीय जिला न्यायाधीश के आतिथ्य में आयोजित किया गया। उच्च न्यायालय जबलपुर के निर्देश अनुसार शिविर में पाकसो एक्ट अधिनियम पीडीसीएस ओए सी टी के तहत बच्चों को सुरक्षित रखने सुरक्षा सतर्कता और उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। छात्राओं छात्र को जागरूक किया गया। बच्चों से न्यायधीश के द्वारा संवाद स्थापित किया गया। उनसे सवाल पूछे गए। सवालों के सभी जबाव देने पर पुरस्कार विजेता को प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य फादर वर्गिस, राकेश जैन सभी शिक्षक शिक्षिकाओं छात्राओं छात्र के साथ अधिवक्ता संघ अध्यक्ष धर्मेन्द्र नागवंशी सचिव वेद प्रकाश भार्गव सचिव अधिवक्ता संघ सह सचिव राजेश रजक सहित अन्य सभी की उपस्थिति में बच्चों को उनके अधिकारों कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया।

उच्च न्यायालय के निर्णय पर छात्र संघ का जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा मध्यप्रदेश में छात्र संघ चुनाव कराए जाने के निर्णय पर उच्च न्यायालय का स्वागत किया गया। विद्यार्थी परिषद का मानना है यह निर्णय विद्यार्थियों के लोकतांत्रिक अधिकारों की पुनर्स्थापना तथा महाविद्यालय परिसर में स्वस्थ, उत्तरदायित्व एवं सशक्त छात्र नेतृत्व के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हरदीप सिंह नागपाल विद्यार्थी परिषद के प्रदेश संयोजक परिषद के नगर अध्यक्ष पूर्व अध्यक्ष नितिन गंगेले सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने उच्च शिक्षा विभाग से आग्रह किया है कि उच्च न्यायालय की भावना के अनुरूप शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करते हुए छात्र संघ चुनाव की प्रक्रिया शुरू की जाए तथा समय बद कार्यक्रम घोषित किए जाए। जिसमें नगर के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को अपने प्रतिनिधियों का लोक तांत्रिक तरीके से चयनित करने का अवसर प्राप्त हो सके। आगामी कार्ययोजना के अनुसार हमेशा विद्यार्थियों को लेकर लगातार तैयार रहने बाले हरदीप सिंह नागपाल का नाम चर्चा में है। छात्रसंघ चुनावों को पारदर्शी निष्पक्ष एवं लोकतांत्रिक वातावरण को न ई उर्जा एवं सकारात्मक दिशा प्रदान करेगा।इस तरह से लगातार खुशियां मनाई जा रही है।

खबर संक्षेप

दो माह का राशन एकमुश्त मिलेगा

हरदा। जिले के सभी पात्र हितग्राहियों को उचित मूल्य दुकानों से अगस्त एवं सितम्बर की राशन सामग्री का एकमुश्त वितरण किया जाएगा। जिला आपूर्ति अधिकारी गंगा भिड़े ने हितग्राहियों को सूचित किया है कि वे संबंधित ग्राम पंचायत एवं वार्ड की उचित मूल्य दुकान पर 2 बार पृथक-पृथक अंगूठा लगाकर अगस्त व सितम्बर माह का एक मुश्त राशन माह अगस्त में ही प्राप्त करें।

मदिरा के अवैध विक्रय व संग्रहण के विरुद्ध 6 प्रकरण दर्ज

हरदा। आबकारी विभाग के दल ने गुरूवार को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने चारूवा के जादूपुरा मोहल्ला, ग्राम हरिपुरा, टेमलावाड़ी व जयमलपुरा में दबिश दी। दबिश के दौरान 36 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 410 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर आबकारी अधिनियम 1915 के तहत 6 प्रकरण दर्ज किए गए।

विद्युत का अनाधिकृत उपयोग करने पर 294 प्रकरण बनाए

हरदा। जिले में सभी वितरण केन्द्रों में विद्युत चोरी रोकने के लिए सभी अधिकारियों द्वारा सघन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत 5 व 6 अगस्त को 21 टीमों द्वारा अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं पर 52.92 लाख रुपए के 294 प्रकरण बनाए गए।

किसानों के नाम पर अवैध रूप से मूंग न बेच पाएं व्यापारी : कलेक्टर

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. ने भैरूंदा एवं रेहटी के मूंग उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने उपार्जन प्रक्रिया की पारदर्शिता, गुणवत्ता परीक्षण और किसानों की सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों एवं केंद्र प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि उपार्जन कार्य पूरी तरह निर्धारित मापदंडों के अनुरूप, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों के नाम पर व्यापारी मूंग का अवैध रूप से विक्रय न कर पाएं, इसकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सर्वेयर से अपने सामने गुणवत्ता परीक्षण की पूरी प्रक्रिया कराई। उन्होंने मॉइश्चर की जांच, छोटे-बड़े दानों की छंटाई, मिट्टी एवं अन्य अशुद्धियों को अलग करने की प्रक्रिया का अवलोकन करते हुए कहा कि प्रत्येक किसान की उपज की जांच निष्पक्ष एवं एक समान मानकों के आधार पर की जाए। गुणवत्ता परीक्षण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या मनमानी स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी केंद्र पर नॉन एफएक्यू उपज की तुलाई नही होनी चाहिए। उन्होंने सोसायटी प्रबंधक को निर्देश दिए कि किसी भी वेयरहाउस के भरने की स्थिति आने से कम से कम दो दिन पहले जिला उपार्जन समिति एवं संबंधित अधिकारियों को सूचना दी जाए, ताकि समय रहते समीपस्थ वेयरहाउस में वैकल्पिक व्यवस्था कर खरीदी कार्य निर्बाध रूप से जारी रखा जा सके।

मुख्यमंत्री व प्रमुख सचिव को पत्र लिखने का किया ऐलान

पटवारियों की मांगें जायज, सरकार शीघ्र करे निराकरण : विधायक

धरना स्थल पहुंचकर दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



मध्यप्रदेश पटवारी संघ के प्रदेशव्यापी आंदोलन के समर्थन में गुरुवार को क्षेत्र के विधायक आर.के. दोगने धरना स्थल पहुंचे और हड़ताली पटवारियों से मुलाकात कर उनकी मांगों को पूरी तरह न्यायोचित बताया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के पटवारी वर्षों से शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर पर सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने का कार्य कर रहे हैं, लेकिन उन्हें उनके अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। धरना स्थल पर पटवारियों को संबोधित करते हुए विधायक दोगने ने कहा कि प्रदेश में कई पटवारी पिछले 25 वर्षों से एक ही पद पर कार्यरत हैं, लेकिन आज तक उन्हें पदोन्नति का लाभ नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की बड़ी विफलता है कि अपने ही बनाए नियमों के अनुसार कर्मचारियों को लाभ नहीं दे पा रही है। समय पर पदोन्नति नहीं मिलने से कर्मचारियों का मनोबल और कार्यक्षमता दोनों प्रभावित होते हैं। उन्होंने कहा कि पटवारी मध्यप्रदेश शासन का ऐसा कर्मचारी है जो गांव-गांव तक शासन की योजनाओं को पहुंचाने और उन्हें मूर्त रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। राजस्व कार्यों के साथ-साथ विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में पटवारियों की अहम जिम्मेदारी रहती है। इसके बावजूद उन्हें पदोन्नति, कैडर रिव्यू तथा पद के अनुरूप समयमान वेतनमान का लाभ नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है।

गौरतलब है कि मध्यप्रदेश पटवारी संघ के आह्वान पर प्रदेशभर के पटवारी पिछले चार दिनों से कलमबंद हड़ताल पर हैं। संघ की प्रमुख मांगों में पदोन्नति, कैडर रिव्यू तथा पद के अनुरूप समयमान वेतनमान लागू करना शामिल है। संघ का कहना है कि पिछले छह से सात वर्षों से सरकार लगातार आश्वासन देती आ रही है, लेकिन अब तक न तो कैडर रिव्यू किया गया और न ही पदोन्नति के आदेश जारी हुए हैं। इससे प्रदेशभर के पटवारियों में गहरा असंतोष व्याप्त है। पटवारी संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजीव जैन का कहना है कि वर्तमान में प्रदेश के लगभग सभी विभागों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ मिल रहा है, जबकि पटवारी वर्ग इससे अब भी वंचित है। यही कारण है कि उन्हें अपने अधिकारों की मांग को लेकर आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है।

एसडीएम ने प्रस्तावित स्थल का किया निरीक्षण

लोक सुनवाई में ब्रिज का निर्माण जल्द शुरू कराने युवाओं ने दिया आवेदन



हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया

बुधवार को एसडीएम कार्यालय में ओवरब्रिज निर्माण को लेकर जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के युवाओं ने आवेदन दिया। राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ में ब्रिज कारपोरेशन के अधिकारी भी इस साझा बैठक में शामिल हुए। इसके बाद एसडीएम रजनी वर्मा ने ओवर ब्रिज के प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया।

एसडीएम द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय में जो प्रस्तावित स्थल है वह ठीक है। ब्रिज कॉरपोरेशन के पास आईआईटी बॉम्बे की रिपोर्ट आना है इसके बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी। भू अर्जन के संबंध में एसडीएम ने बताया कि धारा 4 के बाद धारा 11 का प्रकाशन किया जाना है। एसडीएम रजनी वर्मा ने बताया कि जनसुनवाई में दोनों प्रकार के आवेदन आए हैं। एक आवेदन में जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू कराया जाने की मांग की गई है वहीं दूसरे आवेदन में प्रस्तावित जगह को ट्रांसफर किए जाने की मांग की गई है।

आवेदन के माध्यम से बताया गया कि वर्ष 2023 में स्वीकृत होने के बाद भी कार्य प्रारंभ नहीं हुआ। इस संबंध में एसडीएम रजनी वर्मा ने कहा कि धारा 4 के बाद धारा 11 का प्रकाशन किया जाना है। जिसमें प्रभावितों के भूमि का मूल्यांकन किया जाएगा एवं उसके बाद अवार्ड पारित किए जाएंगे।

हरदा के अंकित ने निभाई पटना में प्रशांत किशोर की जीत में भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



बिहार के बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में प्रशांत किशोर की जीत के पीछे कई लोगों और समूहों की मेहनत रही जिसमें रणनीतिकारों से लेकर वॉलंटियर्स आदि सब शामिल हैं। मध्यप्रदेश के हरदा निवासी अंकित कुमार झा ने भू इस चुनाव में टारगेट 160 बूथ अभियान के को-लीड के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बांकीपुर सीट पर जन सुराज के प्रशांत किशोर ने 19,324 वोटों के अंतर से भाजपा के नीरज कुमार को हराया। चुनाव अभियान के दौरान जिन 160 बूथों को विशेष रणनीति के तहत चिन्हित किया गया था, उनमें से 158 बूथों पर प्रशांत किशोर को बढ़त मिली।

बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं के समन्वय, मतदाता संपर्क और स्थानीय फीडबैक को व्यवस्थित करने में अंकित झा की सक्रिय भूमिका रही।अंकित झा पिछले कई वर्षों से चुनावी अभियानों में चुनाव प्रबंधन, राजनैतिक ट्रेनिंग, नैरेटिव और कैंपेन कंसल्टेंट के रूप में काम कर रहे हैं। वे अब तक सात से अधिक चुनाव अभियानों से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े रहे हैं, जिनमें से छह अभियानों में संबंधित उम्मीदवारों को जीत मिली। बांकीपुर अभियान में उन्होंने बूथ प्रबंधन, घर-घर संपर्क और कार्यकर्ता नेटवर्क को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया। चुनाव परिणाम आने के बाद टारगेट 160 बूथ अभियान की सफलता को टीम की संगठित रणनीति और लगातार जमीनी मेहनत का परिणाम माना जा रहा है।

17 वर्षीय छात्रा ने 27 जुलाई को आग लगाकर दी थी जान

छात्रा के आत्मदाह मामले में शादीशुदा युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम कांकरिया में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा के आत्मदाह मामले में पुलिस ने बुधवार को एक शादीशुदा युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी युवती पर अपने साथ चलने का दबाव बना रहा था और कथित तौर पर बातचीत के ऑडियो वायरल करने की धमकी दे रहा था। पुलिस का कहना है कि इन्हीं परिस्थितियों से परेशान होकर छात्रा ने आत्मदाह जैसा कदम उठाया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार ग्राम कांकरिया निवासी 17 वर्षीय लक्ष्मी ठाकरे ने 27 जुलाई की शाम अपने घर के आंगन में ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली थी। घटना के समय उसके पिता गैस सिलेंडर लेने हरदा गए थे, जबकि मां और बड़ा भाई मजदूरी पर गए हुए थे। बड़ी बहन अपने ससुराल में थी। पड़ोसियों ने आग की लपटें देखकर परिजनों को सूचना दी। घर पहुंचने पर मां ने आंगन में बेटी का जला हुआ शव देखा। घटनास्थल से एक खाली गिलास मिला, जिसमें पेट्रोल जैसी गंध आ रही थी। आग की तेज लपटों से आंगन में लगे अमरूद के पेड़ की टहनियां भी झुलस गई थीं। घटना के बाद मृतका के भाई ने आरोप लगाया था कि पास के गांव का एक युवक उसकी बहन को लगातार परेशान कर रहा था, जिसके चलते उसने आत्मघाती कदम उठाया। परिजनों के बयान, घटनास्थल से मिले साक्ष्य और अन्य जांच के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। सिविल लाइन थाना प्रभारी आर.एस. तिवारी ने बताया कि जांच के बाद ग्राम गांगला निवासी 28 वर्षीय दिलीप धार्मिक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शादीशुदा है और दो बच्चों का पिता है।

पुलिस के अनुसार, दोनों के बीच करीब एक वर्ष से दोस्ती थी और मोबाइल पर बातचीत होती थी। लगभग एक माह पहले युवती के बड़े भाई ने दोनों को साथ देखा था और आरोपी को उससे दूर रहने की चेतावनी दी थी। जांच में यह भी सामने आया कि घटना वाले दिन आरोपी युवती से मिलने उसके गांव पहुंचा था। दोनों ने एक दुकान से कुरकुरे-चिप्स जैसी चीजें खाने के लिए खरीदी, जिसके बाद आरोपी ने युवती पर अपने साथ चलने का दबाव बनाया। पुलिस के मुताबिक, युवती के मना करने पर आरोपी ने कथित तौर पर बातचीत के ऑडियो वायरल करने की धमकी दी। इसके बाद युवती ने घर लौटकर आत्मदाह कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की जांच जारी है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सिविल डिफेंस वालेंटियर्स का सात दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



जिले में होमगार्ड विभाग द्वारा सिविल डिफेंस वालेंटियर्स का सात दिवसीय प्रशिक्षण संचालित किया गया है। इस दौरान सिविल डिफेंस वालेंटियर्स को होमगार्ड अधिनियम 1968 की मूलभूत जानकारी, सिविल डिफेंस का परिचय, सिविल डिफेंस नियम 2009 , सिविल डिफेंस की 12 सेवाओं के बारे में, आपदा के प्रकार भूकंप, आग, बाढ़, ध्वस्त संरचना, हवाई हमला, औद्योगिक दुर्घटना, सीबीआरएन, प्राथमिक उपचार, घायलों को लाने ले की विभिन्न विधियों, पट्टियों के प्रकार, खपच्ची बांधना, सीपीआर, विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

इस सात दिवसीय प्रशिक्षण के समापन कार्यक्रम में गुरूवार को डिप्टी कलेक्टर असवनराम चिरामन ओआईसी राहत के आतिथ्य में तथा प्लाटून कमांडर रक्षा राजपूत के नेतृत्व में सिविल डिफेंस वालेंटियर्स को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। डिप्टी कलेक्टर चिरामन ने सिविल डिफेंस वालेंटियर आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों में प्रशासन के सहयोगी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आपदा प्रबंधन, राहत एवं बचाव कार्यों तथा नागरिक सुरक्षा से संबंधित दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सके के बारे मे संक्षिप्त संदेश दिया गया। इस दौरान सभी सिविल डिफेंस वालेंटियर्स से 7 दिवसीय प्रशिक्षण का फीडबैक लिया गया। कार्यक्रम में एचएसएम दीपक ठाकुर, आरक्षक कैलाश तोमर, वाहन चालक भारमल यादव व होमगार्ड जवान एवं एसडीईआरएफ के जवान उपस्थित रहे।

शिकायतों के साए में बदले मंडी टीआई, सुनील मेहर लाइन अटैच

सीहोर। पुलिस महकमे में मंगलवार को बड़ा प्रशासनिक बदलाव देखने को मिला। पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना ने मंडी थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील मेहर को लाइन अटैच कर दिया है। उनकी जगह निरीक्षक अर्चना चौहान को मंडी थाने की नई कमान सौंपी गई है।

सूत्रों के अनुसार मंडी थाना प्रभारी सुनील मेहर के खिलाफ पिछले कुछ समय से लगातार शिकायतें वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंच रही थीं। बताया जा रहा है कि विभिन्न मामलों में पुलिस की कार्यशैली को लेकर लोगों ने असंतोष जताया था। इन्हीं शिकायतों के बीच मंगलवार को उन्हें लाइन अटैच कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक सेवनिया क्षेत्र के एक जमीन विवाद को लेकर स्थानीय लोगों ने राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा और भोपाल स्थित पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) तक शिकायत पहुंचाई थी। यह मामला लंबे समय से चर्चा में बना हुआ था और इसे लेकर भी मंडी थाना पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाए जा रहे थे।

विधायक पाटीदार के जन्मदिन पर नगर को विकास कार्यों की सौगात

डेढ़ करोड़ के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन व सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण

स्वच्छ भारत मिशन के तहत 10 नए कचरा वाहनों को दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने अपने जन्मदिन के अवसर पर नगरवासियों को विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करते हुए शहर के सर्वांगीण विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत नगर पालिका परिषद के लिए खरीदे गए 10 नए कचरा वाहनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि नगर पालिका परिषद शहर के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है और भविष्य में भी विकास कार्यों की यह श्रृंखला जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी विकास कार्य की सफलता जनसहभागिता पर निर्भर करती है। सभी नागरिकों के सहयोग से निर्माण कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण होंगे। उन्होंने कहा कि सब्जी मंडी परिसर में बनने वाला नया शेड एवं प्लेटफॉर्म व्यापारियों और आम नागरिकों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। साथ ही मंडी को रात्रिकालीन गतिविधियों के अनुरूप और अधिक सुविधाजनक बनाने के भी प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष छाया अरुण जोशी, उपाध्यक्ष भोलू कर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगदीश पटेल, लोक निर्माण सभापति धीरेंद्रसिंह चौहान सहित जनप्रतिनिधि, नगर पालिका की मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमला कोल, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों को कानून और साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

हरदा में 'जन सुरक्षा-युवा सृजन' संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा





संयुक्त नवाचार 'जन सुरक्षा-युवा सृजन' संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा में हुआ। पायलट प्रोजेक्ट के तहत इस कार्यक्रम के लिए शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा का चयन किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक शशांक ने किया।

पुलिस अधीक्षक शशांक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को कानून, संविधान, साइबर सुरक्षा, महिला एवं बाल संरक्षण, नशे के दुष्परिणाम तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है, ताकि वे स्वयं नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा ने कानून की मूलभूत जानकारी, साइबर अपराधों से बचाव, पॉक्सो अधिनियम, महिला एवं बाल सुरक्षा, सड़क सुरक्षा तथा जिम्मेदार नागरिक बनने के विषय पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा साइबर अपराध की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर सोनाली परकोचे ने ₹मेरे अधिकार एवं जिम्मेदारियां₹, उपनिरीक्षक नूर मोहम्मद पठान ने ₹कानून, सुरक्षा एवं न्याय₹, उपनिरीक्षक महेश जाट ने ₹पुलिस की कार्यप्रणाली₹ तथा अरुणा सिंह ने कार्यक्रम का पुनरावलोकन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के बाद विद्यार्थियों को दो समूहों में थाना कोतवाली हरदा का भ्रमण कराया गया। थाना प्रभारी रोशनलाल भारती एवं प्रधान आरक्षक कुलदीप भदौरिया ने पुलिस थाने की कार्यप्रणाली, अपराध पंजीयन और पुलिस व्यवस्था की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने समानता के अधिकार, पुलिस की खाकी वर्दी तथा अपराधों का रिकॉर्ड किस प्रकार दर्ज किया जाता है, जैसे विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनके अधिकारियों ने सरल भाषा में उत्तर दिए। कई विद्यार्थियों ने पुलिस भर्ती प्रक्रिया में भी रुचि दिखाई, जिस पर उन्हें विस्तृत जानकारी दी गई। इसके बाद विद्यार्थियों को पुलिस कंट्रोल रूम का भ्रमण कराया गया, जहां रेडियो निरीक्षक सत्यनारायण मेहरा एवं उपनिरीक्षक नारायण अग्निहोत्री ने डायल-112 की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। विद्यार्थियों को बताया गया कि डायल-112 पूरे देश के लिए एकीकृत आपातकालीन सेवा नंबर है। कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक रजनी गुर्जर एवं यातायात थाना प्रभारी उमेश ठाकुर ने यातायात नियमों का पालन करने की अपील करते हुए ट्रैफिक मोबाइल इंटरसेप्टर वाहन की उपयोगिता भी बताई। कार्यक्रम के संचालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा के साथ शिक्षक ललित ओनकर एवं हरि सिसोदिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

जलाशय का जलस्तर 315.90 मीटर पहुंचा

अपर वेदा के गेट खुले 25 क्यूमेक्स पानी छोड़ा



झिरन्या। क्षेत्र में लगातार हो रही वर्षा से अपरवेदा जलाशय का जलस्तर गुरूवार रात 5 बजे तक 315.90 मीटर पहुंच चुका है, जबकि कलाशय की पूर्ण क्षमता 317 मीटर है। जिससे इस वर्ष मानसून में पहली बार बुधवार-गुरूवार की रात गेट क्रमांक 4 खोला गया। फलस्वरूप रात 10 बजे से रात 2.30 बजे खोले गए गेट से 25 क्यूमेक्स जल छोड़कर अतिरिक्त जल को नियंत्रित किया गया।

संभाग 19 के कार्यपालन यंत्री संदीप शर्मा ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में इस वर्ष सर्वाधिक बारिश होने से जलस्तर भी अधिक है। जिसके अनुसार अगस्त 24 में जलाशय का जलस्तर 315.00 मीटर (300.20 मिमी) और वर्ष 2025 में जलस्तर 307.60 मीटर (वर्षा 143 मीटर) था। इंदिरा सागर परयोजना सनावाद के मुख्य अभियंता डीआर आकरे ने अधिक वर्षा की स्थिति में चरणबद्ध तरीके से जलाशय का जलस्तर नियंत्रित करने के निर्देश दिए हैं। जलाशय के सहायक प्रभारी धीरज पाटीदार ने सायरन और सोशल मीडिया की सूचना के अनुसार सावधानियां बरतने का अनुरोध किया है।